दिनांक 06.11.2026 को मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Firefighting Installation Work at Suchana Bhawan, Patna के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

उपस्थितिः-

(i) श्री ब्रजेश कुमार, मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। - अध्यक्ष

(ii) श्री उपेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना - सदस्य

(iii) श्री रजनीश, कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या-1, पटना। - सदस्य

कार्यवाहीः-

1.	कार्य का नाम	- Firefighting Installation Work at Suchana Bhawan, Patna
2.	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	- ₹3,34,92,000.00 (भवन निर्माण विभाग का पत्रांक 201(भ0) दिनांक 29.11.2024)
3.	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹3,27,08,314.00 (मुख्य अभियंता(प0), भ0नि0वि0 का पत्रांक 2670(प0)अनु0 दिनांक-27.12.2024)
4.	विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि	- ₹3,24,95,835.00
5.	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 02.09.2026
6.	कार्य की अवधि	- 03(तीन) माह
7.	निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि	- 14.09.2026
8.	निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि	- 06.10.2026
9.	प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान	- दिनांक 22.09.2026 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 21.09.2026 को अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना।
10.	टेन्डर आई0डी0	- 139624 एवं www.eproc2.bihar.gov.in
11.	निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता	- (I) SINGH ELECTRICALS AND CONTROLS, NEPALI NAGAR CHANDRAVIHAR COLONY ASHIYANA DIGHA ROAD PATNA BIHAR-800025 (II) M/S EVOLUTION TECH & INFRA PVT LTD, G4 NARMADA APARTMENT EXHIBITION ROAD PATNA

12. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-

विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया था। दिनांक 23.01.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रथमवार आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड में कोई भी निविदाकार के **"रिस्पॉन्सिव"** नहीं पाये जाने उपरांत वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या-7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में निविदा को रद्द करने तथा पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

विषयांकित कार्य के द्वितीय निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में चार निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया था। दिनांक 26.06.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि द्वितीयवार आमंत्रित निविदा त्रुटिपूर्ण होने के कारण विभागीय पत्रांक 2893(भ0) दिनांक 15.06.2025 में वर्णित दिशा-निदेश के अनुपालन में निविदा को रद्द करने तथा पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

विषयांकित कार्य के तृतीय निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में एकल निविदाकार द्वारा भाग लिया गया था। दिनांक 05.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तृतीयवार आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड में कोई भी निविदाकार के **"रिस्पॉन्सिव"** नहीं पाये जाने उपरांत वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या-7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में निविदा को रद्द करने तथा पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

विषयांकित कार्य के चतुर्थ निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में छः निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया था। दिनांक 24.06.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चतुर्थवार आमंत्रित निविदा त्रुटिपूर्ण होने के कारण निविदा को रद्द करने तथा पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

विषयांकित कार्य के पंचम निविदा की कार्यवाहीः-

इस निविदा में दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया था। दिनांक 02.09.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या-7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में प्रथमवार आमंत्रित निविदा में एकल सफल निविदाकार होने के कारण निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा किये जाने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि चतुर्थवार आमंत्रित निविदा त्रुटिपूर्ण होने के कारण रद्द की गयी थी। अतएव इस निविदा को प्रथमवार आमंत्रित निविदा माना गया।

वर्तमान में विषयांकित कार्य के षष्ठम निविदा की कार्यवाहीः-

विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। दोनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के पत्रांक-6049 अनु0 दिनांक-09.10.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दोनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर इस शर्त के साथ की गयी कि सभी निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को जाँच/सत्यापन में फर्जी/जाली पाया जाता है, तो संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया गया किः-

निविदाकार SINGH ELECTRICALS AND CONTROLS, NEPALI NAGAR CHANDRAVIHAR COLONY ASHIYANA DIGHA ROAD PATNA BIHAR-800025 द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5A(b) Satisfactorily completed as a prime contractor (or as a nominated subcontractor) at least one similar work of value not less than amount Rs. 1,62,47,917.50 के विरूद्ध संलग्न सभी अनुभव प्रमाण-पत्र निजी संस्थान द्वारा निर्गत है, जिसमें किसी भी अनुभव प्रमाण-पत्र में वांछित राशि का समान प्रकृति का कार्य नहीं है। एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5A(c) Executed in any one year the minimum quantities के विरूद्ध संलग्न किसी भी अनुभव प्रमाण-पत्र में एक वर्ष में किये गये कार्य का परिमाण अथवा राशि अंकित नहीं है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

निविदाकार **M/S EVOLUTION TECH & INFRA PVT LTD, G4 NARMADA APARTMENT EXHIBITION ROAD PATNA** द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.2(i) Evidance of access to or availability of credit facilities (minimum 10% of estimated cost) certified by the bankers के विरूद्ध वांछित Bank Credit Certificate संलग्न नहीं पाया गया। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

13. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से आमंत्रित निविदा में भाग लेने वाले दोनों निविदाकारों के तकनीकी बीड में असफल हो जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा किये जाने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(रजनीश)	(उपेन्द्र कुमार)	(ब्रजेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता,	अधीक्षण अभियंता,	मुख्य अभियंता(पटना),
केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या-1, पटना	दक्षिण बिहार अंचल, पटना	भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)21यो0प्राक0-1-102/2024 - 2563 पटना, दिनांक- 06/11/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06/11/2026

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।